पंजाब केसरी 12/11/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में 'उद्यमियों की सफलता की कहानियां' विषय पर 5 दिवसीय कार्यशाला शुरू

अम्बाला, 11 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के इनोवेटिव एंड एंटरप्रेन्योरशिप सैल के सहयोग से वाणिज्य विभाग ने 'उद्यमियों की सफलता की कहानियां' विषय पर 5 दिवसीय कार्यशाला शुरू की।

कार्यशाला की शुरुआत डा. गीता कौशिक के परिचयात्मक भाषण के साथ हुई। डा. सीमा कंसल और प्रो. नीलम द्वारा रिसोर्स पर्सन का औपचारिक स्वागत किया गया। पहले दिन का सत्र ब्रांड प्रबंधन और आई.पी.आर. विषय पर डा. राहुल तनेजा के व्याख्यान के साथ शुरू हुआ, जहां उन्होंने छात्रों को आई.पी.आर., ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और ब्रांडिंग की बुनियादी बातों से परिचित कराया।

उन्होंने उपस्थित लोगों को कम्पनियों की मानसिकता को लेकर समझाया कि वे उपभोक्ताओं को कैसे समझती हैं और उपभोक्ता के दिमाग पर किसी भी ब्रांड का स्थायी प्रभाव कैसे पड़ती हैं। पूरा सत्र बहुत ही संवादात्मक और जानकारीपूर्ण था। सत्र में बी.सी.ए, एम.सी.ए., बी.बी.ए. और एम.बी.ए. के छात्रों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

जी.एम.एन. कॉलेज में 'उद्यमियों की सफलता की कहानियां' विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)